Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

सत्यमेव जयते

Test Date	04/11/2026
Test Time	9:00 AM - 10:00 AM
Subject	RRB ALP 2026 CBT 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

Q.1 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 956 587 124 963 248 (दाएं)
(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6 है, दूसरा अंक = 9 है, और तीसरा अंक = 7 है)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 10
- ✘ B. 12
- ✘ C. 7
- ✘ D. 9

Q.2 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) O H # M N @ $ R & I Ω T £ D H R Y (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✘ A. एक भी नहीं
- ✘ B. दो
- ✔ C. एक
- ✘ D. तीन

Q.3 सात व्यक्ति, E, F, G, H, W, X और Y, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, X के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। H के बाईं ओर से गिनने पर, H और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Y और G का निकटतम पड़ोसी W है। W के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✔ A. H
- ✘ B. F
- ✘ C. E
- ✘ D. G

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. VT–RP
- ✘ B. NL–JH
- ✘ C. US–QO
- ✔ D. WU–RS

Test Prime By Adda247

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.



1,50,000+ Mock Tests

25,000+ Previous Year Papers

800+ Exam Covered

500% Refund on Selection

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Top Alerts Stay Updated

WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

- Safe & Reliable
- Trusted by Lakhs of Aspirants
- Your Success, Our Mission

DOWNLOAD TEST PRIME

Your Success Partner!

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS


Shreya, SBI PO


Sahil, SBI PO


Srijita, SBI PO


Vikram, IBPS PO


Neeti, IBPS PO


Arya, IBPS PO


Hasan, SSC CGL


Palak, SSC CGL


Priti, UP TGT


Aniket, Bihar Stet


Shaurya, NTPC


Sarita, CTET


Gourav, NTPC


Sanni, NTPC


Abhishek, CTET


Sapna, IBPS Clerk

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.5 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$10 \div 2 + 70 \times 5 - 80 = ?$

Ans
- ✗ A. 76
- ✗ B. 83
- ✗ C. 66
- ✓ D. 86

Q.6 यदि $8b - \frac{1}{5b} = 8$ है, तो व्यंजक $25b^2 + \frac{1}{64b^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{80}{49}$
- ✓ B. $\frac{105}{4}$
- ✗ C. $\frac{7}{4}$
- ✗ D. $\frac{120}{7}$

Q.7 सात व्यक्ति मोहन, नेहल, ओजस्वी, पूजा, सुरेश, तुषार और उमंग एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। नेहल, ओजस्वी के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। उमंग, नेहल के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। तुषार, सुरेश के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। मोहन, उमंग का निकटतम पड़ोसी नहीं है। मोहन के बाईं ओर से गिनती करने पर मोहन और उमंग के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.8 जूतों की एक जोड़ी का अंकित मूल्य ₹2000 है। त्योहारी बिक्री के दौरान, दुकानदार 30% की छूट प्रदान करता है। दी गई छूट की राशि कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹700
- ✗ B. ₹500
- ✗ C. ₹800
- ✓ D. ₹600

Q.9 30 cm व्यास और 49 cm ऊंचाई वाले बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 34606 cm^3
- ✗ B. 34569 cm^3
- ✓ C. 34650 cm^3
- ✗ D. 34725 cm^3

Q.10 A, H, M, P, S और V एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, M के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P के दाईं ओर से गिनती करने पर P और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। V, S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। H के बाईं ओर से गिनती करने पर H और V के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 3
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.11 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

QRU−TUX
STW−VWZ

Ans
✗ A. GGI−IJM
✓ B. GHK−JKN
✗ C. GHK−IKM
✗ D. GGI−JKN

Q.12 छह बॉक्स A, B, F, G, H और I एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल A को I के ऊपर रखा गया है। A और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल G को H के नीचे रखा गया है। B और G के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ A. एक
✗ B. चार
✗ C. तीन
✓ D. दो

Q.13 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$3-\sqrt{5}+\frac{1}{\sqrt{5}-\sqrt{3}}+\frac{1}{\sqrt{5}-\sqrt{3}}$$

Ans
✗ A. $2+\sqrt{5}$
✓ B. $3+\sqrt{3}$
✗ C. $\sqrt{3}-\sqrt{5}$
✗ D. 3

Q.14 एक निश्चित कूट भाषा में, 'WHAT' को '2789' के रूप में और 'HATS' को '1789' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' का कूट क्या है?

Ans
✗ A. 7
✗ B. 2
✗ C. 8
✓ D. 1

Q.15 $\tan^4\theta + (2 - \sec^2\theta)\tan^2\theta + 2 - \sec^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 1
✗ B. 0
✗ C. −1
✗ D. 2

Q.16 P, Q और R, 2 : 3 : 5 के अनुपात में निवेश के साथ एक व्यवसाय आरंभ करते हैं। यदि वार्षिक लाभ में P का हिस्सा ₹4,000 है, तो कुल लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹25,000
✓ B. ₹20,000
✗ C. ₹15,000
✗ D. ₹18,000

Q.17 बिनायक बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 8 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 10 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़कर 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न हों, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✓ A. 2 km उत्तर की ओर
✗ B. 1 km उत्तर की ओर
✗ C. 3 km उत्तर की ओर
✗ D. 4 km उत्तर की ओर

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.18 A दो दिए गए स्टेशनों के बीच 7 दिन में रेल पटरी बिछा सकता है और B उसी कार्य को 63 दिन में कर सकता है। C की सहायता से, वे केवल 6 दिन में कार्य पूरा कर लेते हैं। तो, C अकेले उसी कार्य को कितने समय में पूरा कर सकता है?

Ans
- ✗ A. 127 दिन
- ✗ B. 128 दिन
- ✗ C. 129 दिन
- ✓ D. 126 दिन

Q.19 एक व्यापारी ₹40 प्रति kg लागत वाले 30 kg चावल को ₹60 प्रति kg लागत वाले 20 kg चावल के साथ मिश्रित करता है। परिणामी मिश्रण का प्रति kg औसत मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹50
- ✗ B. ₹52
- ✗ C. ₹45
- ✓ D. ₹48

Q.20 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
4 12 23 31 42 50 ?

Ans
- ✗ A. 63
- ✗ B. 58
- ✗ C. 54
- ✓ D. 61

Q.21 वाशिंग सोडा (Washing Soda) को इसकी विरचन प्रक्रिया में प्राप्त करने के लिए किस यौगिक को जल के साथ उपचारित (treated) किया जाता है?

Ans
- ✗ A. वाशिंग सोडा प्राप्त करने के लिए सोडियम क्लोराइड को जल के साथ उपचारित किया जाता है।
- ✓ B. वाशिंग सोडा प्राप्त करने के लिए सोडियम कार्बोनेट को जल के साथ उपचारित किया जाता है।
- ✗ C. वाशिंग सोडा प्राप्त करने के लिए सोडियम हाइड्रॉक्साइड को जल के साथ उपचारित किया जाता है।
- ✗ D. वाशिंग सोडा प्राप्त करने के लिए सोडियम बाइकार्बोनेट को जल के साथ उपचारित किया जाता है।

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक, छिद्रित भित्तियों द्वारा सिरे-से-सिरे तक व्यवस्थित, लंबी, जीवित कोशिकाओं से बना होता है?

Ans
- ✗ A. वाहिका (Vessels)
- ✓ B. चालनी नलिका (Sieve tubes)
- ✗ C. दारू वाहिनिका (Tracheids)
- ✗ D. फ्लोएम तंतु (Phloem fibres)

Q.23 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
XZC−EGJ
MOR−TVY

Ans
- ✗ A. LNQ−RUW
- ✗ B. LMO−SUX
- ✗ C. LMO−RTW
- ✓ D. LNQ−SUX

Q.24 प्रयोगशाला में एक विद्यार्थी यह प्रेक्षित करता है कि वायु की तुलना में इस्पात में ध्वनि तेजी से गमन करती है। माध्यम का कौन-सा अभिलक्षण इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans
- ✗ A. माध्यम की आकृति और आकार
- ✗ B. माध्यम का तापमान और आर्द्रता
- ✗ C. माध्यम की मोटाई और रंग
- ✓ D. माध्यम का घनत्व और प्रत्यास्थता

Q.25 केंद्र O वाले वृत्त का व्यास PQ, बिंदु M पर एक जीवा RS पर लंब है। बिंदु Q लघु वृत्तखंड में है और P दीर्घ वृत्तखंड में है। यदि RS = 32 cm है और QM = 6 cm है, तो PM की लंबाई (cm में) कितनी होगी?

Ans
- ✔ A. $42\frac{2}{3}$
- ✘ B. $24\frac{2}{3}$
- ✘ C. $32\frac{2}{3}$
- ✘ D. $48\frac{2}{3}$

Q.26 दो क्षणों के बीच किसी वस्तु का विस्थापन, वेग–समय ग्राफ से _____ की गणना करके निर्धारित किया जा सकता है।

Ans
- ✘ A. ग्राफ की प्रवणता
- ✘ B. ग्राफ की लंबाई
- ✔ C. ग्राफ और समय अक्ष के बीच परिबद्ध क्षेत्रफल
- ✘ D. वेग अक्ष पर अंतःखंड

Q.27 यदि किसी घंटी को जल के नीचे और खुली वायु में बजाया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, इन दोनों स्थितियों के बीच ध्वनि की चाल में होने वाले परिवर्तन का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. ध्वनि वायु की तुलना में जल में अधिक तीव्र चाल से गमन करती है।
- ✘ B. ध्वनि दोनों माध्यमों में समान चाल से गमन करती है।
- ✘ C. ध्वनि जल के माध्यम से गमन नहीं करती है।
- ✘ D. ध्वनि वायु की तुलना में जल में धीमी चाल से गमन करती है।

Q.28 7 मजदूरों की साप्ताहिक मजदूरी (₹ में) ₹1200, ₹1300, ₹1100, ₹1400, ₹1250, ₹1350, ₹1150 है। माध्यक मजदूरी कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. ₹1300
- ✔ B. ₹1250
- ✘ C. ₹1200
- ✘ D. ₹1350

Q.29 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

35,44,62,89,125, ?

Ans
- ✘ A. 172
- ✔ B. 170
- ✘ C. 173
- ✘ D. 171

Q.30 एक दुकानदार ₹100 में एक पेन खरीदता है और उसे ₹150 में बेचता है। लाभ प्रतिशत क्या है?

Ans
- ✘ A. 48%
- ✘ B. 40%
- ✔ C. 50%
- ✘ D. 45%

Q.31 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन आते हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर तय कीजिए।

प्रश्न: पाँच व्यक्ति – किरत, रेयांश, समिका, तुषार और उर्विका – एक पाँच-मंज़िला इमारत के विभिन्न तलों पर रहते हैं, जिनका क्रमांक 1 से 5 तक है (1 सबसे निचला तल है और 5 सबसे ऊपरी तल)। तल क्रमांक 5 पर कौन रहता है?

(I) समिका, तुषार के ऊपर रहती है, जो रेयांश के ऊपर रहता है।
(II) उर्विका, समिका के ऊपर रहती है, और किरत, रेयांश के नीचे रहती है।

Ans
- ✔ A. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✘ B. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✘ C. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
- ✘ D. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Q.32 यदि किसी उम्मीदवार को चुनाव में 2,20,000 वोटों में से 55% वोट प्राप्त हुए, तो उम्मीदवार को प्राप्त कुल वोटों की संख्या कितनी थी?

Ans
✗ A. 1,10,000
✗ B. 1,30,000
✓ C. 1,21,000
✗ D. 1,15,000

Q.33 यदि cosec 43° = x है, तो $\left[\frac{1}{\text{cosec}^2 47^\circ} + \sin^2 43^\circ + \tan^2 47^\circ - \frac{1}{\sin^2 47^\circ \sec^2 43^\circ}\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. $x^2 - 1$
✗ B. $2x^2 - 3$
✗ C. $x^2 + 1$
✗ D. $2x + 3$

Q.34 यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

30 – 4 ÷ 4 + 40 × 10 = ?

Ans
✗ A. 122
✓ B. 120
✗ C. 118
✗ D. 124

Q.35 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
14 – 25 – 75 – 90 ; 12 – 23 – 69 – 84

Ans
✗ A. 4 – 15 – 45 – 70
✗ B. 10 – 21 – 63 – 76
✓ C. 8 – 19 – 57 – 72
✗ D. 6 – 17 – 68 – 83

Q.36 F, A, C, I, N, G और S में से प्रत्येक का अवकाश, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। A से पहले किसी का अवकाश नहीं है। A और I के बीच केवल तीन व्यक्तियों का अवकाश है। I और C के बीच केवल एक व्यक्ति का अवकाश है। F का अवकाश बुधवार को है। N का अवकाश S के बाद किसी एक दिन लेकिन G से पहले किसी एक दिन है। सप्ताह के किस दिन N का अवकाश है?

Ans
✗ A. सोमवार
✗ B. रविवार
✓ C. गुरुवार
✗ D. शनिवार

Q.37 तीन मित्र A, B और C, किसी व्यवसाय में 2:3:5 के अनुपात में निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ ₹1,00,000 है, तो C को A से कितना अधिक लाभ प्राप्त होगा?

Ans
✓ A. ₹30,000
✗ B. ₹10,000
✗ C. ₹40,000
✗ D. ₹20,000

Q.38 A, B, C, D और E में से प्रत्येक के प्राप्तांक भिन्न-भिन्न हैं। D सबसे कम अंक प्राप्त करने वालों में तीसरे स्थान पर है। B के प्राप्तांक, C से कम हैं। E के प्राप्तांक, A से अधिक लेकिन B से कम हैं। कितने व्यक्तियों के प्राप्तांक E से अधिक हैं?

Ans
✓ A. तीन
✗ B. चार
✗ C. दो
✗ D. एक

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.39 साहिल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 10 km ड्राइव करता है, फिर से दाएँ मुड़कर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 6 km उत्तर की ओर
- ✓ B. 5 km उत्तर की ओर
- ✗ C. 7 km दक्षिण की ओर
- ✗ D. 6 km दक्षिण की ओर

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, समांगी मिश्रण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✓ A. इसका समग्र स्वरूप और संघटन समान होता है
- ✗ B. इसमें नग्न आंखों से दिखाई देने वाले पदार्थ होते हैं
- ✗ C. यह अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग गुण और स्वरूप दर्शाता है
- ✗ D. यह सरलता से देखी जा सकने वाली परतें बनाता है

Q.41 अवायवीय श्वसन के दौरान कोशिका में ग्लूकोज का विघटन कहां होता है?

Ans
- ✗ A. सूत्रकणिका में, जिसे कोशिका का शक्तिगृह (powerhouse) कहा जाता है
- ✓ B. कोशिका द्रव्य में, जहां कोशिकीय प्रतिक्रियाएं (cellular reactions) होती हैं
- ✗ C. केंद्रक में, जो सभी कोशिका गतिविधियों (cell activities) को नियंत्रित करता है
- ✗ D. हरितलवक (chloroplast) में, जो प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से खाद्य बनाने के लिए उत्तरदायी है

Q.42 7-अंकीय संख्या 49A952B, 12 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✓ D. 1

Q.43 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HATE' को '7856' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TEAM' को '7659' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 9
- ✗ C. 8
- ✗ D. 6

Q.44 मान लीजिए कि AB और CD दो समांतर रेखाएं हैं, जिनमें AB, CD से ऊपर है। मान लीजिए कि EF और GH दो समांतर तिर्यक् छेदी रेखाएं हैं जो AB को क्रमशः P और R पर प्रतिच्छेद करती हैं, तथा CD को क्रमशः Q और S पर प्रतिच्छेद करती हैं। मान लीजिए कि E और G, AB से ऊपर स्थित हैं, जबकि F और H, CD से नीचे स्थित हैं। यदि ∠EPB = 2a°, ∠DSG = b° और ∠FQD = 80° हैं, तो क्रमशः a और b का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 50 और 100
- ✗ B. 40 और 120
- ✗ C. 20 और 80
- ✗ D. 40 और 100

Q.45 यदि शब्द GUILDER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होंगे?

Ans
- ✗ A. 14
- ✓ B. 11
- ✗ C. 10
- ✗ D. 12

Q.46 $\frac{52^2 - 12^3}{4^3 - 16 \times 3}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. 61
- ✗ B. 66
- ✗ C. 72
- ✗ D. 57

Q.47 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 18 का संबंध 59 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 15 का संबंध 50 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 12 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✔ A. 41
✘ B. 32
✘ C. 36
✘ D. 45

Q.48 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के कूटों का अनुसरण सीधे तालिका में दिए गए अनुसार किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक 4 @ 7 # 2 % 9 &1 $ 8 + 56

कूट JM PTDR WFHKAULQ

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो दूसरे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।
(ii) यदि तीसरा अवयव एक प्रतीक है, तो चौथे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि पाँचवाँ अवयव एक प्रतीक है, तो पहले अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
94#51

Ans
✘ A. ©JTLH
✘ B. WJTLH
✔ C. WJT©H
✘ D. WJTL©

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'piano juice bonus' को 'ui gc fh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'bonus lemon judge' को 'hp ui gt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'bonus' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
✘ A. fh
✔ B. ui
✘ C. hp
✘ D. gc

Q.50 एक घनाभाकार लकड़ी के डिब्बे की आंतरिक विमाएं 19.8 cm × 13.2 cm × 8.8 cm हैं। इसे 2.2 cm भुजा वाले छोटे घनाकार ब्लॉकों से पूरी तरह भरा जाता है। डिब्बे को पूर्णत: भरने के लिए कितने घनों की आवश्यकता है?

Ans
✔ A. 216
✘ B. 200
✘ C. 232
✘ D. 256

Q.51 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) S Q A Y V Y Y V E R L O A J F V V A Z A A F Y (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
✘ A. 5
✘ B. 4
✘ C. 2
✔ D. 3

Q.52 दो ट्रेनें जिनकी लंबाई क्रमशः 148 m और 156 m है, एक दूसरे की ओर गतिमान हैं। उनकी चाल क्रमशः 17.5 m/s और 20.5 m/s है। ट्रेनों को एक दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans
✘ A. 10 सेकंड
✘ B. 7 सेकंड
✘ C. 9 सेकंड
✔ D. 8 सेकंड

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.53 पृथ्वी पर प्रकाश-संश्लेषण के लिए, विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तरदायी है?

Ans
- ✔ A. दृश्य प्रकाश
- ✘ B. रेडियो तरंगें
- ✘ C. सूक्ष्म तरंगें
- ✘ D. पराबैंगनी विकिरण

Q.54 यदि '+' और '–' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

5 ÷ 2 + 8 × 4 – 5 = ?

Ans
- ✘ A. 20
- ✔ B. 13
- ✘ C. 22
- ✘ D. 18

Q.55 यदि शब्द CHAPTER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✔ A. एक का भी नहीं
- ✘ B. दो
- ✘ C. एक
- ✘ D. तीन

Q.56 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. MQ - RU
- ✘ B. ZK - DO
- ✘ C. GS - KW
- ✘ D. IJ - MN

Q.57 यदि शब्द DARKISH के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो इस प्रकार निर्मित अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
- ✘ A. 2
- ✔ B. 1
- ✘ C. 0
- ✘ D. 3

Q.58 यदि '+' और '–' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

43 – 16 ÷ 9 + 154 × 14 = ?

Ans
- ✘ A. 170
- ✘ B. 177
- ✔ C. 176
- ✘ D. 174

Q.59 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 311 का संबंध 330 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 426 का संबंध 445 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 115 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 145
- ✘ B. 156
- ✔ C. 134
- ✘ D. 167

Q.60 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 639 658 652 641 647 (दाएं)
(उदाहरण के लिए, 697 लीजिए – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✔ A. 14
✘ B. 15
✘ C. 18
✘ D. 16

Q.61 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
DIN GOD LAY DUB
प्रत्येक शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✔ A. एक
✘ B. दो
✘ C. चार
✘ D. तीन

Q.62 एक कार के रेडिएटर में 84% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 70% एंटीफ्रीज वाला 10 लीटर विलयन है। 84% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 95% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

Ans
✘ A. 18.61
✘ B. 15.38
✘ C. 10.34
✔ D. 12.73

Q.63 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
पांच छड़ियों, T, N, R, K और I, में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?

कथन:
(I) K, I से छोटी है लेकिन N से लंबी है। T, N से लंबी है।
(II) R केवल एक छड़ी से लंबी है।

Ans
✘ A. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ B. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✔ C. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✘ D. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.64 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
514 393 293 212 148 ?

Ans
✘ A. 116
✔ B. 99
✘ C. 92
✘ D. 106

Q.65 एक व्यक्ति ने 2 वर्षों के लिए 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹56,500 का निवेश किया। 2 वर्षों के बाद उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 65,540
✘ B. 64,540
✘ C. 64,450
✘ D. 65,450

Q.66 ₹8,680 पर 10% वार्षिक ब्याज दर से एक वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज अर्द्धवार्षिक रूप से देय है।
(अपने उत्तर को निकटतम ₹ तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✘ A. ₹880
✘ B. ₹850
✘ C. ₹840
✔ D. ₹890

Q.67 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की परीक्षा शुक्रवार को है। V और S के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। S की परीक्षा, T की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। R की परीक्षा, U की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है, लेकिन गुरुवार को नहीं है। Q की परीक्षा, P की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है, लेकिन U से पहले किसी दिन है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा गुरुवार को है?

Ans
- ✗ A. R
- ✗ B. S
- ✗ C. P
- ✓ D. Q

Q.68 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) I X U Q T O D I R R Z I P T T D E O L I U Z (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 5
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.69 निम्नलिखित अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
YVX 9, URT 14, QNP 19, MJL 24, ?

Ans
- ✗ A. IFG 28
- ✓ B. IFH 29
- ✗ C. IHF 28
- ✗ D. GFH 29

Q.70 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

VSM 15 SPO 2 PMQ -11 MJS -24 ?

Ans
- ✗ A. JKI -34
- ✓ B. JGU -37
- ✗ C. HYT -35
- ✗ D. HKP -44

Q.71 C, F, J, R, N, U और H में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। N की परीक्षा गुरुवार को है। C से पहले केवल पांच व्यक्तियों की परीक्षा है। F की परीक्षा R के ठीक बाद वाले दिन है परंतु बुधवार को नहीं है। H की परीक्षा U के बाद किसी दिन परंतु J से पहले किसी दिन है। U और J के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.72 एक दुकानदार ने ₹75,000 में छह एक-जैसे मोबाइल फोन खरीदे। उसने उनमें से दो को ₹34,000 में बेच दिया। बेचे गए दो मोबाइल फोन पर उसका लाभ प्रतिशत कितना था?

Ans
- ✓ A. 36%
- ✗ B. 37%
- ✗ C. 39%
- ✗ D. 35%

Q.73 किसी राशि को 12% वार्षिक दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया गया था। 2 वर्षों बाद उस राशि पर अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित), और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹101.76 है। मूलधन (दशमलव के बाद दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹6,842.48
- ✓ B. ₹7,066.67
- ✗ C. ₹6,050.23
- ✗ D. ₹7,680.82

Test Prime By Adda247

PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly



ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.

Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS


Kunal, RRB JE


Shivam, UPSSSC AGTA


Priya, ANM


KHALILUR, LDA


Manoj , PWD


Atin, JENPAS


Shatarupa, OPSC


Arpita, JENPAS


Shital, SSC JE (Mech)


Nancy, UGC NET


Atul, SSC JE (ELCT)


Rahul, SSC JE (CIVIL)


Anand, SSC JE (ELCT)


Mohan, SSC JE (ELCT)


Saurabh, UGC NET


Ved, SSC JE (Mech)

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से MING का संबंध TPUN से है। उसी तरीके से, OKPI का संबंध VRWP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JFKD का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. QRHY
- ✗ B. QMKI
- ✓ C. QMRK
- ✗ D. QMJU

Q.75 अमन की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है, और उसकी पुत्री, उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योगफल 108 वर्ष था, तो अमन की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 70
- ✗ B. 48
- ✗ C. 59
- ✓ D. 72

"